
# माथापच्ची

एक पानी के गिलास में बर्फ के तीन टुकड़े डले हुए हैं। जब वो पूरी तरह पिघल जाएँगे तो क्या गिलास में पानी का स्तर बढ़ जाएगा?

गर्मियाँ हैं तो एक सवाल गर्मियों वाला - दो इंच वाला एक कम्बल ज़्यादा गर्म होगा या एक-एक इंच के दो कम्बल?






तुम्हें **सियार** शब्द में बदलाव करके **सेमल** शब्द तक पहुँचना है। तुम हर बार कोई भी एक अक्षर बदल सकते हो पर हाँ, नया शब्द सार्थक यानी मायने वाला होना चाहिए और दूसरी शर्त यह है कि तुम्हें ऐसा कम से कम बार बदलाव करके करना है।

**एक ऐसा खास महीना है जो अगर बुधवार से शुरू होगा तो बुधवार को ही खत्म होगा। तुम्हें वो महीना बताना है।**


**45** को कुछ इस तरह चार भागों में बाँटा जा सकता है कि पहले भाग में दो जोड़ने पर, दूसरे भाग से दो घटाने पर, तीसरे भाग में 2 का गुणा करने और चौथे भाग में 2 का भाग करने पर उत्तर समान आता है। तुम्हें वो चारों भाग बताना है।

**आज के 21 बजकर 47 मिनट से लेकर कल के 13 बजकर 43 मिनट तक कितना समय होगा?**




**सारा के पास 24 सिक्के हैं जिनमें से 23 समान वज़न के हैं और एक थोड़ा ज़्यादा वज़न का है। उसके पास तराजू तो है पर बाँट नहीं है। क्या बिना बाँटों के वह अलग वज़न वाला सिक्का ढूँढ सकती है? इस सिक्के को ढूँढने के लिए उसे कम से कम कितनी बार तौलना होगा?**

**यदि एक पत्ता गोभी और एक नींबू का वज़न सात टमाटरों के बराबर है और तीन नींबुओं का वज़न डेढ़ टमाटर के बराबर है तो उस पत्ता गोभी का वज़न कितने टमाटरों के वज़न के बराबर होगा?**



चित्र : दिलीप चिंचालकर